कैडेट्स ने की विसर्जन घाट की सफाई

देगलूर । 31 अगस्त । लोस सेवा

देगलूर महाविद्यालय की एनसीसी यूनिट के कैडेट्स ने हाल ही में यहां लेंडी नदी के विसर्जन घाट में सफाई अभियान चलाया.

बताया गया कि एनसीसी के महाराष्ट्र निदेशालय ने गणेशोत्सव के उपलक्ष्य में गत 26 अगस्त से समूचे राज्य में पुनीत-सागर अभियान चलाया है. इसके तहत नदी-नालों व तालाब परिसरों की सफाई की जा रही है. बुधवार तक चले इस अभियान के तहत देगलूर में भी लेंडी नदी की सफाई की गई. पानी में मौजूद गाद निकाली गई. इस अभियान की अगुवाई महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ मोहन खताल, उप प्राचार्य डॉ अनिल चिद्रावार, एनसीसी विभाग प्रमुख लेफ्टिनेंट नीरज उपलंचवार व कर्नल एम रंगाराव ने की. मुहिम को सफल बनाने में एनसीसी के वरिष्ठ कैडेट धनाजी वाघमारे, अजय गायकवाड़ आदि ने काफी योगदान दिया.



देगलूर में गत दिवस एनसीसी कैडेट्स ने लेंडी नदी के विसर्जन घाट में सफाई अभियान चलाया.

Scanned with OKEN Scanner